A **709**

समग्र शिक्षा, केरल

FIRST TERMINAL EVALUATION 2019-20

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 7 **हिंदी** समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश:

* पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
* गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
* 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सलिम का छोटा भाई है इरफान। उसे लड्डू बहुत पसंद है। एक दिन अम्मा खाना बना रही थी। तब इरफान आकर बोला "अम्मा मुझे लड्डू चाहिए, दस रुपये दो।" अम्मा बोली "नहीं, यह तो तेरा रोज़ का बहाना है।" इरफान रोने लगा।

(रोज़ का बहाना- നിത്യേനയുള്ള അടവ്)

(क) इरफान को क्या पसंद है?

अ) लड्डू आ) केला

इ) आम ई) जलेबी

(ख) "यह तुम्हारा रोज़ का बहाना है।" किसने कहा?

अ) इरफान ने आ) अम्मा ने

इ) भाई ने ई) पिताजी ने

(ग) सही प्रस्ताव कौन-सा है?

अ) माँ ने इरफान को लड्डू दिया। आ) माँ ने इरफान को पैसे दिए।

इ) माँ ने इरफान को पैसे नहीं दिए। ई) माँ ने इरफान को जलेबी दी।

(घ) इरफान ने माँ से कितने रुपए माँगे?

अ) बीस आ) दस

इ) दो ई) पाँच

(ङ) इरफान के भाई का नाम क्या है?

अ) रमेश आ) यूसफ़

इ) जोसफ़ ई) सलिम

गतिविधि 2

सूचना: कविताँश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हरी डाल पर लगी हुई थी
नन्ही सुंदर एक कली
तितली आकर उससे बोली
तुम लगती हो बड़ी भली
आओ आओ आँखें खोलो
और हमारे संग खेलो

कली - പൂമൊട്ട്
भली - നന്മയുള്ള
संग - കൂടെ

क) तितली किससे बोली ?
ख) कवितांश के लिए शीर्षक दें।
ग) कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि 3

सूचना: 'गुलमोहर का जन्मदिन' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन माँ ने माली से कहा, "इस गुलमोहर को काट दो और इसकी जगह पर दूसरा गुलमोहर लगाओ।"

'मैं सारे दिन उदास रही। कल तो मेरा प्यारा पेड़ होगा ही नहीं।"

क) "मीना सारे दिन उदास रही।" मीना की उस दिन की डायरी लिखें।

ख) नमूने के अनुसार लिखें।

• गुलमोहर को काट दो। माँ ने माली से कहा। • माँ ने माली से कहा कि गुलमोहर को काट दो।
• कल मेरा प्यारा पेड़ नहीं होगा। मीना ने सोचा। • ....

गतिविधि 4

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जी यू पी एस पय्यावूर में 30 अगस्त को ओणम के कार्यक्रम होंगे। उस दिन सातवीं कक्षा के छात्र 'हम सब सुमन एक उपवन के' कविता प्रस्तुत करेंगे।

क) ओणम के कार्यक्रम कब होंगे?

ख) कार्यक्रम का पोस्टर तैयार करें।

गतिविधि 5

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"माँ मैं अपने गुलमोहर की पाँचवीं वर्षगाँठ मनाऊँगी। मैं अपनी सहेलियों को दावत दूँगी।" माँ ने खुश होकर कहा, "ज़रूर! यहाँ गुलमोहर की छाया में दावत करो।"

क) घर में होने वाली दावत का विवरण देते हुए माँ ने मीना के पिताजी को पत्र लिखा।
पत्र तैयार करें।

ख) वाक्य का **मातृभाषा में अनुवाद करें।**
-माँ मैं अपने गुलमोहर की पाँचवीं वर्षगाँठ मनाऊँगी।

गतिविधि 6

सूचनाः 'अनमोल खज़ाना' कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> विश्वनाथ ने कहा "जाओ, तुम्हारा शरीर ही एक अनमोल खज़ाना है, इसका उपयोग करो।"

विश्वनाथ का उपदेश सुनकर विक्रम ने परिश्रम करने का निश्चय किया। वह किसान के पास पहुँचा।

विक्रम	: भाई , क्या मैं आपके साथ खेती करूँ?
किसान	: हाँ..हाँ क्यों नहीं। क्या आप विश्वनाथ से मिले थे?
विक्रम	: ....
किसान	: ....
विक्रम	: ....
किसान	: ....

मेहनत करने का उपदेश दिया,
क्या बोले,
अच्छा हम मिलकर खेती करेंगे।
हाँ मिला,

क) संवाद की पूर्ति करें।

ख) विश्वनाथ ने किसे 'अनमोल खजाना' बताया?